न्यूज ब्रीफ

## जल्द लॉन्च होने वाली है महिंद्रा की एक्सयूवी ३एक्सओ

नई दिल्ली।

महिंद्रा जल्द ही भारतीय बाजार में नई एक्सयूवी३०० फेसलिफ्ट के अपग्रेड यानी एक्सयूवी ३एक्सओ को लॉन्च करने जा रहा है। फिलहाल नई कार के ग्लोबल डेब्यू को कुछ दिन रह गए हैं और इससे पहले ही एक नया टीजर कंपनी ने जारी किया है। नए टीजर में फ्यूल एफिशिएंसी फीगर और स्प्रिंट टाइम का खुलासा किया गया है। लेटेस्ट टीजर के मुताबिक एक्सयूवी ३एक्सओ 4.5 सेकेंड्स में ही 0-60kph की स्पीड तक जा सकेगी। इसके अलावा टीजर में कंफर्म किया गया है



कि इस अपडेटेड कॉम्पैक्ट एसयूवी में मल्टीपल ड्राइव मोड्स मिलेंगे। टीजर से पता चलता है कि इसमें जिप और जैप वाले ड्राइव मोड्स मिलेंगे। महिंद्रा ने ये भी खुलासा किया है कि एक्सयूवी ३एक्सओ में 20.1kpl का माइलेज मिलेगा। हालांकि, ये आंकड़ा डीजल इंजन के लिए होने की उम्मीद है। न कि टर्बो-पेट्रोल इंजन की। तुलनात्मक तौर पर बात करें तो टाटा नेक्सॉन डीजल की फ्यूल एफिशिएंसी 24.07kpl तक Sonet डीजल की 22.3kpl तक है। एक्सयूवी ३एक्सओ पुराने मॉडल की तरह तीन इंजन ऑप्शन्स- 110hp, 1.2-लीटर टर्बो-पेट्रोल, 131hp, 1.2-लीटर डायरेक्ट-इंजेक्शन टर्बो-पेट्रोल और 117hp, 1.5-लीटर डीजल के साथ आएगी। 131hp टर्बो-पेट्रोल इंजन को एक नया आइसिन-सोर्स्ड 6-स्पीड टॉर्क कनवर्टर ऑटोमैटिक ट्रांसमिशन मिलेगा। नए एक्सयूवी ३एक्सओ के टीजर से ये भी पता चलता है कि इसमें फुली-डिजिटल टीएफटी इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर मिलेगा। ड्राइवर डिस्प्ले 10.25-इंच का होगा। जबकि कार में एक्सयूवी ४०० का 10.25-इंच टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम भी होगा। इसके अलावा ऑफर में एक फर्स्ट-इन-क्लास पैनोरमिक सनरूफ भी होगा, जो संभवतः इस सुविधा के साथ इसे भारत में सबसे किफायती एसयूवी बना देगा।

## सोने-चांदी के भाव में फिर उछाल

नई दिल्ली।

एक छोटी कंपनी बॉंडाडा इंजीनियरिंग के शेयर धमाल मचाए हुए हैं। कंपनी के शेयरों ने 8 महीने में ही निवेशकों को मालामाल कर दिया है। 8 महीने में बॉंडाडा इंजीनियरिंग के शेयर 1450 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। बॉंडाडा इंजीनियरिंग के शेयर बुधवार 24 अप्रैल को 5 पर्सेंट की तेजी के साथ 1226.10 रुपये पर पहुंच गए हैं। कंपनी के शेयरों ने बुधवार को 52 हफ्ते का नया हाई बनाया है। टेलिकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी कंपनी बॉंडाडा इंजीनियरिंग के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 142.50 रुपये है। बॉंडाडा इंजीनियरिंग का आईपीओ 75 रुपये के दाम पर आया था। कंपनी का आईपीओ सब्सक्रिप्शन के लिए 18 अगस्त 2023 को खुला था और यह 22 अगस्त तक ओपन रहा। कंपनी के शेयर 30 अगस्त 2023 को 142.50 रुपये पर लिस्ट हुए थे। लिस्टिंग के बाद से बॉंडाडा इंजीनियरिंग के शेयर लगातार नए हाई बना रहे हैं। कंपनी के शेयर 24 अप्रैल को 1226.10 रुपये पर पहुंच गए हैं। 75 रुपये के इश्यू प्राइस के मुकाबले बॉंडाडा इंजीनियरिंग के शेयर 1450 पर्सेंट से ज्यादा चढ़ गए हैं। बॉंडाडा इंजीनियरिंग के शेयरों में पिछले 6 महीने में 405 पर्सेंट का जबरदस्त उछाल आया है। कंपनी के शेयर 25 अक्टूबर 2023 को 242.90 रुपये पर थे। बॉंडाडा इंजीनियरिंग के शेयर 24 अप्रैल 2024 को 1226.10 रुपये पर पहुंच गए हैं। वहीं, इस साल अभी तक बॉंडाडा इंजीनियरिंग के शेयरों में 194 पर्सेंट की तेजी देखने को मिली



है। कंपनी के शेयर साल की शुरूआत में 1 जनवरी 2024 को 417.10 रुपये पर थे, जो कि अब 1200 रुपये के पार पहुंच गए हैं। बॉंडाडा इंजीनियरिंग के आईपीओ पर टोटल 112.28 गुना दांव लगा था। कंपनी के आईपीओ में रिटेल इनवेस्टर्स का कोटा 100.05 गुना सब्सक्राइब हुआ। वहीं, अदर्स कैटेगरी में 115.46 गुना सब्सक्रिप्शन मिला था।

## बड़ी नहीं... बहुत बड़ी है बजाज की नई पल्सर बाइक, 3 मई को होगी लॉन्चिंग

नई दिल्ली।

बजाज पल्सर एनएस400 नई फ्लैगशिप मोटरसाइकिल होगी, जिसमें कंपनी की किसी भी मोटरसाइकिल पर सबसे बड़ी क्षमता वाला इंजन होगा और यह अब तक का सबसे फास्ट इंजन भी होगा। देश की दिग्गज दोपहिया वाहन निर्माता कंपनी बजाज ऑटो अपने पल्सर प्रोफाइल में एक नई बाइक जोड़ने जा रही है। पल्सर प्रोफाइल वाली यह बाइक बड़ी ही नहीं, बहुत बड़ी है। साइज, वजन और कीमत तीनों मामले में यह दूसरी मोटरसाइकिलों से काफी बड़ी है। कंपनी इसे 3 मई 2024 को भारतीय बाइक बाजार में लॉन्च करेगी, लेकिन इसकी लॉन्चिंग से पहले उसने इसका टीजर जारी किया है। यह इसका पहला टीजर है। कंपनी ने इसका नाम बजाज पल्सर एनएस400 दिया है।

### बजाज पल्सर एनएस400 का इंजन होगा सबसे फास्ट

बजाज ऑटो ने सोशल मीडिया पर अब तक की सबसे बड़ी पल्सर का पहला टीजर जारी किया है। आने वाली बजाज पल्सर एनएस400 नई फ्लैगशिप मोटरसाइकिल होगी, जिसमें कंपनी की किसी भी मोटरसाइकिल पर सबसे बड़ी क्षमता वाला इंजन होगा और यह अब तक का सबसे फास्ट इंजन भी होगा। कंपनी की ओर से जारी किए गए वीडियो टीजर में नई बजाज पल्सर एनएस400 के टायर हगर की झलक मिलती है। इसके साथ ही, बाइक की तेज स्पीड का भी संकेत मिलता है। नई पेशकश में केटीएम के साथ सह-विकसित नव-विकसित 399 सीसी सिंगल-सिलेंडर इंजन मिलने की उम्मीद है, जो केटीएम 390 ड्यूक को पावर देता है। हालांकि, यह एक री-ट्यून इंजन हो सकता है, जो चलने की लागत कम रखने के लिए केटीएम के मुकाबले थोड़ा कम पावर और टॉर्क जेनरेट करेगा। इस इंजन के साथ 6-स्पीड गियरबॉक्स के साथ जोड़े जाने पर 40 बीएचपी की पावर और 35-37 एनएम का पीक टॉर्क जेनरेट करने की उम्मीद है।

### बजाज पल्सर एनएस400 के फीचर्स

अब अगर बजाज पल्सर एनएस400 के फीचर्स की बात करें, तो इसमें असिस्ट-एंड-स्लिपर क्लच, ब्लूटूथ कनेक्टिविटी के साथ एक डिजिटल इंस्ट्रूमेंट कंसोल, ऑल-एलईडी लाइटिंग, यूएसडी फ्रंट फोर्क्स, डिस्क ब्रेक, डुअल-चैनल एबीएस और ट्रैक्शन कंट्रोल भी देखने को मिल सकते हैं। इसके अलावा, इसमें ट्रैक्शन कंट्रोल के साथ राइड-बाय-वायर, 17-इंच के अलॉय व्हील्स भी मिल सकते हैं।



# कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ कार्रवाई, ऑनलाइन तरीके से नए ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोक

नई दिल्ली।

बैंकिंग क्षेत्र के नियामक भारतीय रिजर्व बैंक ने कोटक महिंद्रा बैंक के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। आरबीआई ने बैंक के ऑनलाइन या मोबाइल बैंकिंग चैनल के जरिए नए ग्राहक जोड़ने और क्रेडिट कार्ड जारी करने पर रोक लगा दी है। हालांकि, नियामक ने अपने निर्देश में कहा है कि वह अपने मौजूदा ग्राहकों जिसमें क्रेडिट कार्ड के ग्राहक भी शामिल हैं, को सेवाएं देना जारी रख सकता है।

### आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक पर कार्रवाई का क्या कारण बताया?

रिजर्व बैंक के अनुसार कोटक महिंद्रा बैंक के आईटी जोखिम प्रबंधन और सूचना सुरक्षा प्रशासन में खामियां मिलने के बाद ने यह कार्रवाई की गई है। आरबीआई ने अपने बयान में कहा है कि ये कार्रवाइयां वर्ष 2022 और 2023 के दौरान नियामक की ओर से बैंक के आईटी परीक्षण में पाई खामियों के आधार पर की गई हैं। नियामक ने कहा कि बैंक परीक्षण के बाद उत्पन्न महत्वपूर्ण चिंताओं व्यापक और समयबद्ध तरीके से दूर करने में विफल रहा है।

### कोटक महिंद्रा बैंक की जांच में आरबीआई को क्या गड़बड़ियां मिली?

आरबीआई के बयान में कहा गया है कि बैंक के आईटी इन्वेंट्री प्रबंधन, पैच एंड चेंज मैनेजमेंट, यूजर एक्सेस मैनेजमेंट, वेंडर रिस्क मैनेजमेंट, डेटा सुरक्षा व डेटा लीक रोकने की रणनीति में कमी दिखी है। केंद्रीय बैंक के अनुसार बैंक की बिजनेस निरंतरता और डिजास्टर रिकवरी के लिए सख्ती व ड्रिल जैसे क्षेत्रों में भी गंभीर खामियां और अनुपालन में कमी है। भारतीय रिजर्व बैंक ने अपने बयान में कहा, ''लगातार दो वर्षों तक बैंक के आईटी जोखिम और सूचना सुरक्षा प्रशासन में कमी का आकलन किया गया। इसके बाद निष्कर्ष निकाला गया कि यह नियामकीय दिशानिर्देशों के तहत जरूरी आवश्यकताओं को पूरा नहीं करता है।''

### मौजूदा ग्राहकों पर आरबीआई की कार्रवाई का क्या असर पड़ेगा?

देश में बड़ी संख्या में लोग कोटक



महिंद्रा बैंक की सेवाओं का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में यह बड़ा सवाल है कि रिजर्व बैंक की हालिया कार्रवाई से उनपर क्या असर पड़ेगा?

आरबीआई के अनुसार कोटक महिंद्रा बैंक को अपने ऑनलाइन और मोबाइल बैंकिंग चैनलों के माध्यम से नए ग्राहकों को जोड़ने व नए क्रेडिट कार्ड जारी करने की सेवाओं को तत्काल प्रभाव से ''बंद करने'' का निर्देश दिया गया है। हालांकि, बयान में केंद्रीय बैंक की ओर से कहा गया है कि बैंक अपने क्रेडिट कार्ड उपयोगकर्ताओं सहित अपने मौजूदा ग्राहकों को पहले की तरह सेवाएं प्रदान करना जारी रख सकेगा।

हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में 24 अप्रैल को 0.16 फीसदी की मामूली गिरावट देखी गई।

# हिंदुस्तान यूनिलीवर: मार्च तिमाही में 6% घटा नेट प्रॉफिट, शेयरधारकों को डिविडेंड का तोहफा

मुंबई।

हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में 24 अप्रैल को 0.16 फीसदी की मामूली गिरावट देखी गई। यह स्टॉक बीएसइ पर 2259.15 रुपये के भाव पर बंद हुआ है। कंपनी ने मार्केट क्लोज होने के बाद तिमाही नतीजे जारी किए हैं। एफएमसीजी सेक्टर की दिग्गज कंपनी हिंदुस्तान यूनीलीवर लिमिटेड (हिंदुस्तान यूनीलीवर) ने एफवाई २४ की चौथी तिमाही के नतीजे जारी कर दिए हैं। जनवरी-मार्च तिमाही में कंपनी का स्टैंडअलोन नेट प्रॉफिट 6 फीसदी घटकर 2,406 करोड़ रुपये हो गया है। पिछले साल की समान तिमाही में कंपनी का नेट प्रॉफिट 2,552 करोड़ रुपये था। हिंदुस्तान यूनिलीवर के शेयरों में 24 अप्रैल को 0.16 फीसदी की मामूली गिरावट देखी गई। यह स्टॉक बीएसइ पर 2259.15 रुपये के भाव पर बंद हुआ है। कंपनी ने मार्केट क्लोज होने के बाद तिमाही नतीजे जारी किए हैं।

### कैसे रहे हिंदुस्तान यूनिलीवर के नतीजे

चौथी तिमाही में हिंदुस्तान यूनिलीवर की बिक्री मामूली रूप से बढ़कर 14,693 करोड़ रुपये हो गई। प्रमुख सेगमेंट ब्यूटी और पर्सनल केयर के रेवेन्यू में 2.7 फीसदी की गिरावट आई है। 9 ब्रोकरेज फर्मों के औसत अनुमानों के अनुसार, एनालिस्ट्स ने 14,913 करोड़ रुपये के रेवेन्यू पर 2,435 करोड़ रुपये के मुनाफे का अनुमान लगाया है। इसका मतलब है कि मार्च तिमाही में कंपनी के नतीजे अनुमान से कमजोर रहे।

### हर शेयर पर २४ रुपये का डिविडेंड देगी हिंदुस्तान यूनिलीवर

हिंदुस्तान यूनिलीवर ने वित्त वर्ष 2024 के लिए 1 रुपये फेस वैल्यू वाले इक्विटी शेयरों पर 24 रुपये प्रति शेयर के फाइनल डिविडेंड की घोषणा की। कंपनी ने पहले 16 नवंबर 2023 को 18 रुपये प्रति शेयर के अंतरिम डिविडेंड का भुगतान किया था। इसका मतलब है कि वित्त वर्ष 2024 में कंपनी ने कुल डिविडेंड 42 रुपये प्रति शेयर है।

### हिंदुस्तान यूनिलीवर के सीइओ का बयान

हिंदुस्तान यूनिलीवर के सीइओ और एमडी रोहित जावा ने कहा, ''एफवाई २४ में हमने 3% यूएसजी के साथ एक लचीला प्रदर्शन दिया और 10,000 करोड़ रुपये के नेट प्रॉफिट का आंकड़ा पार कर लिया। हम ऑपरेशनल एक्सीलेंस बढ़ाने पर फोकस कर रहे हैं और ब्रांडों और लॉन्ग टर्म कैपिबिलिटी में निवेश को बढ़ाते हुए अपने सकल मार्जिन का निर्माण जारी रखा है। भविष्य को देखते हुए मैं सामान्य मानसून और बेहतर मैक्रो-इकोनॉमिक इंडिकेटर के कारण कंज्यूमर डिमांड में धीरे-धीरे सुधार होने को लेकर आशावादी हूं।''




## सेंसेक्स-निफ्टी हरे निशान में बंद, मेटल शेयर चमके, हिंडाल्को में तेजी, टाटा कंज्यूमर गिरा



नई दिल्ली।

बुधवार को शेयर बाजार के कामकाज की समाप्ति अच्छी तेजी पर हुई है। बीएसई सेंसेक्स 115 अंक की तेजी पर 73853 के लेवल पर बंद हुआ है जबकि निफ्टी 45 अंक मजबूत होकर 22413 अंक के लेवल पर बंद होने में सफल रहा है। शेयर बाजार दिन के कामकाज में तेजी बनी रही है। निफ्टी आईटी पैक में 0.69 फीसदी की कमजोरी दर्ज की गई जबकि निफ़्टी एफएमसजी इंडेक्स मामूली तेजी पर बंद हुआ है। निफ़्टी ऑटो इंडेक्स में भी मामूली कमजोरी दर्ज की गई। निफ़्टी स्मॉल कैप 50 और निफ़्टी पीएसयू बैंक इंडेक्स भी कमजोरी पर बंद हुए हैं जबकि निफ्टी मीडिया इंडेक्स में भी मामूली कमजोरी दर्ज की गई है।

### निफ्टी ऑटो-निफ्टी आईटी में कमजोरी

बुधवार को दिनभर शेयर बाजार हरे निशान में कामकाज करता रहा। शेयर बाजार एक कामकाज में निफ़्टी आईटी इंडेक्स में मामूली कमजोरी दर्ज की गई और निफ़्टी ऑटो इंडेक्स भी मामूली गिरकर बंद हुआ। इसके अलावा निफ्टी मिडकैप 100, बीएसई स्मॉल कैप, निफ़्टी बैंक, निफ़्टी फार्मा, निफ्टी एफएमसीजी और निफ्टी फाइनेंशियल सर्विसेज इंडेक्स में तेजी दर्ज की गई। शेयर बाजार के टॉप गैनर्स की बात करें तो हिंडालको, जेएसडब्ल्यू स्टील, सिप्ला, टाटा स्टील, पावर ग्रिड, कोटक बैंक और एनटीपीसी के शेयरों में अच्छी तेजी दर्ज की गई। शेयर बाजार के टॉप लूजर्स में टाटा कंज्यूमर, बजाज ऑटो, ग्रासिम इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी लाइफ, टीसीएस, टेक महिंद्रा और अडानी इंटरप्राइजेज के शेयर शामिल थे। शेयर बाजार के कामकाज में निवेशकों को मल्टीबैगर रिटर्न देने वाली कंपनियों की बात करें तो गौतम अडानी ग्रुप की 10 लिस्टेड कंपनियों में से तीन के शेयर तेजी पर रहे जबकि सात कंपनियों के शेयर में नुकसान दर्ज किया गया। अडानी पावर एक फीसदी गिरकर बंद हुआ जबकि एसीसी लिमिटेड 4.5 फीसदी की तेजी पर बंद हुआ है।

### मल्टीबैगर शेयर का हाल

गेल इंडिया, कजरिया सेरेमिक्स, साउथ इंडियन बैंक, एबीबी इंडिया लिमिटेड, बंधन बैंक, एलआईसी, इंडियन ऑयल, सवोर्टेक पावर, पंजाब नेशनल बैंक, डीपी वायर्स, वॉकहार्ट लिमिटेड के शेयरों में तेजी दर्ज की गई जबकि गेल, इरेडा, स्पाइसजेट और हजूर मल्टी प्रोजेक्ट्स के शेयर नुकसान के साथ बंद हुए।

## टाटा, सैमसंग और एलजी को कड़ी टक्कर देने की तैयारी में मुकेश अंबानी

**मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज घरेलू कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेज मार्केट में बड़ा दांव खेलने की तैयारी में है। अभी इसमें एलजी, सैमसंग, वर्लपूल, हायर और डाइकिन जैसी मल्टीनेशनल कंपनियों का दबदबा है। एसी कैटगरी में टाटा की कंपनी वोल्टास का वर्चस्व है।**

नई दिल्ली।


भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी टेलिकॉम और रिटेल के बाद एक और सेक्टर में तहलका मचाने की तैयारी में है। उनकी कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज एक नए मेड-इन-इंडिया ब्रांड वायजर के साथ घरेलू कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स और होम अप्लायंसेज मार्केट में मल्टीनेशनल कंपनियों के दबदबे को खत्म करना चाहती है। अभी देश में टीवी, होम अप्लायंसेज और स्मॉल अप्लायंसेज का मार्केट 1.1 लाख करोड़ रुपये का है। इसमें एलजी, सैमसंग, वर्लपूल, हायर और डाइकिन की 60% है। इसी तरह एसी मार्केट में टाटा ग्रुप की कंपनी वोल्टास का दबदबा है।

सूत्रों के मुताबिक रिलायंस की दो घरेलू कॉन्ट्रैक्ट मैन्यूफेक्चर कंपनियों डिक्सन टेक्नोलॉजीज और मिर्क इलेक्ट्रॉनिक्स के साथ बातचीत चल रही है। मिर्क इलेक्ट्रॉनिक्स इलेक्ट्रॉनिक सामान बनाने वाली कंपनी ओनिडा की पैरेंट कंपनी है। ब्रांड की बाजार में हिस्सेदारी बढ़ने के बाद कंपनी मीडियम टर्म में अपना प्लांट स्थापित कर सकती है।

रिलायंस की रिटेल यूनिट रिलायंस रिटेल ने हाल ही में वायजर ब्रांड से एयर कूलर लॉन्च किया है। सूत्रों के मुताबिक कंपनी टेलीविजन, वॉशिंग मशीन, रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर, स्मॉल अप्लायंसेज और एलईडी बल्ब जैसी श्रेणियों में रेंज का विस्तार करने की योजना बना रही है। कंपनी इन प्रॉडक्ट्स को इन-हाउस डिजाइन और डेवलप करना चाहती है क्योंकि वह विदेशी लेबल के दबदबे वाले इस बाजार में एक घरेलू ब्रांड स्थापित करना चाहती है। कंपनी ने पहले प्राइवेट लेबल ब्रांड रीकनेक्ट लॉन्च किया था, जिसमें थर्ड पार्टी द्वारा बनाए गए प्रॉडक्ट थे। रिलायंस रिटेल के चीफ फाइनेंशियल ऑफिसर दिनेश तलुजा ने 22 अप्रैल को आरआईएल की चौथी तिमाही की अर्निंग कॉल के दौरान एनालिस्ट्स को नए ब्रांड लॉन्च के बारे में बताया था। लेकिन इस बारे में ज्यादा खुलासा नहीं किया था।

### क्या है योजना

सूत्रों का कहना है कि कंपनी अपने रिलायंस डिजिटल स्टोर्स के साथ-साथ इंडिपेंडेंट डीलरों, रीजनल रिटेल चेन और ऐमजॉन तथा फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के जरिए वायजर के प्रॉडक्ट बेचना चाहती है। इलेक्ट्रॉनिक प्रॉडक्ट के बीरबी डिस्ट्रीब्यूशन में लगी जियोमार्ट डिजिटल (जेएमडी) वायजर के प्रॉडक्ट्स को दूसरे स्टोर्स तक ले जाएगी। एक सूत्र ने कहा, 'रिलायंस ने पहले ही जियोफोन के साथ बहुराष्ट्रीय कंपनियों के वर्चस्व वाले फीचर फोन बाजार में खलबली मचा दी थी। कंपनी मेक-इन-इंडिया की लहर पर सवार होकर इलेक्ट्रॉनिक्स में भी इसी सफलता को दोहराना चाहती है।' साल 2022 में, रिलायंस ने इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्यूफैक्चरिंग सेक्टर में विस्तार करने के लिए 1,670 करोड़ रुपये में अमेरिका की कंपनी सनमिआ की भारतीय इकाई में 50.1% हिस्सेदारी खरीदी थी। सनमिआ का चेन्नई में 100 एकड़ का परिसर है, जहां वह वायजर उत्पादों के लिए एक प्लांट स्थापित कर सकती है। उन्होंने कहा कि अभी इसे अंतिम रूप नहीं दिया गया है। कंपनी की प्राथमिकता अभी उत्पादों को लॉन्च करना है।



### पहले भी कोशिश कर चुकी है कंपनी

रिलायंस रिटेल ने इस बारे सवालों का जवाब नहीं दिया। मिर्क इलेक्ट्रॉनिक्स के एमडी विजय मनसुखानी ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया, जबकि डिक्सन को भेजी गई ईमेल का कोई जवाब नहीं मिला। रिलायंस रिटेल ने इससे पहले अपने ब्रांड रीकनेक्ट के तहत टेलीविजन और कुछ उपकरण बेचने की कोशिश की थी, लेकिन इसमें उसे सीमित सफलता मिली। इन्हें कंपनी के पार्टनर्स ने डिजाइन और डेवलप किया गया था। इन्हें बिना किसी मार्केटिंग पुश के केवल रिलायंस डिजिटल स्टोर्स के जरिए बेचा गया था और इसका मकसद फ्यूचर ग्रुप के प्राइवेट लेबल कोर्यो और टाटा ग्रुप के क्रोमा को टक्कर देना था। रिलायंस रिटेल अभी भी एक्सेसरीज के लिए रीकनेक्ट ब्रांड का इस्तेमाल करता है। इसने कुछ साल पहले बीपीएल और केल्विनेटर ब्रांड के लिए लाइसेंस हासिल किया और कुछ टीवी, रेफ्रिजरेटर और वॉशिंग मशीन मॉडल लॉन्च किए थे।

माना जा रहा है कि कंपनी इस साल के आखिर तक कुछ सस्ती इलेक्ट्रिक कारों के साथ भारतीय बाजार में दस्तक देगी।

# टेस्ला प्लांट के लिए भारत को अभी करना होगा इंतजार, कंपनी सस्ती इलेक्ट्रिक कार बाहर से बनाकर देश में बेचेगी

नई दिल्ली

सरकार की नई ईवी पॉलिसी के बाद टेस्ला के लिए भारतीय बाजार की राह आसान हो गई है। माना जा रहा है कि कंपनी इस साल के आखिर तक कुछ सस्ती इलेक्ट्रिक कारों के साथ भारतीय बाजार में दस्तक देगी। इस बीच, कंपनी भारत में अपना प्लांट लगाने पर भी काम कर रही है। अब टेस्ला ने कहा है कि वो इस साल के आखिर में नए और अफोर्डेबल ई-व्हीकल बनाने के लिए अपने मौजूदा प्लांट का इस्तेमाल करेगी। ऐसे में कंपनी फ्यूचर में मैक्सिको और भारत में नए प्लांट पर जो निवेश करने वाली है उसकी संभावना कम हो गई है।

### टारगेट पूरा नहीं, फिर भी शेयर में तेजी

कंपनी ने बताया कि वो नई मैन्युफैक्चरिंग लाइन में निवेश करने से पहले 2023 से लगभग 3 मिलियन व्हीकल की अपनी मौजूदा प्रोजक्शन कैपेसिटी को 50% तक बढ़ाने की योजना बना रही है। कंपनी ने बताया कि इसके चलते पहले की तुलना में लागत में कमी आ सकती है। प्लांट में निवेश करने वाले निवेशकों ने भी नई फैक्ट्रियों में नए मॉडल बनाने का जोखिम ना लेने के फैसले पर खुशी जताई। इस तिमाही नतीजों में कंपनी का फाइनेंशियल टारगेट पूरा नहीं हुआ। इसके बाद भी टेस्ला के शेयर 12% तक ऊपर चले गए थे।

### मॉडल 2 लॉन्च करने की योजना रद

इवॉल्व ईटीएफ के चीफ इनवेस्टमेंट ऑफिसर इलियट जॉनसन ने कहा, ''मुझे लगता है कि बाजार में नई चुनौतियों को स्वीकार करते हुए अपने मौजूदा प्लांट में सस्ते प्रोडक्ट को तैयार करना पॉजिटिव कदम है। हालांकि, कंपनी अपनी योजना के साथ आगे नहीं बढ़ रही है। रॉयटर्स ने 5 अप्रैल की एक रिपोर्ट में कहा था कि टेस्ला ने अपने सस्ती इलेक्ट्रिक कार मॉडल 2 को लॉन्च करने की योजना को रद्द कर दी है। जिसे टेस्ला ने टेक्सास, मैक्सिको और एक तीसरे देश में बनाने की योजना बनाई थी। उम्मीद की गई थी कि मॉडल 2 की कीमत 25,000 डॉलर होगी। हालांकि, रॉयटर्स की रिपोर्ट पर एलन मस्क ने सोशल मीडिया पर लिखा था कि 'रॉयटर्स झूठ बोल रहा है'।



### पुराने प्लांट से ही नए व्हीकल तैयार होंगे

जनवरी में मस्क ने कहा था कि टेस्ला का लक्ष्य 2025 की दूसरी छमाही में नया सस्ता मॉडल पेश करने पर है। इस मॉडल में 'रिवॉल्यूशनरी मैन्युफैक्चरिंग टेक्नोलॉजी' का इस्तेमाल किया जाएगा जो टेस्ला के लिए नई राह तैयार करेगी। अब टेस्ला के इंजीनियरिंग हेड लार्स मोरावी ने मंगलवार को कहा कि नई मैन्युफैक्चरिंग प्रोसेस और प्रोडक्शन लाइनें कुछ रिस्क के साथ आती हैं। ऐसे में कंपनी ने कम लागत वाले व्हीकल को बेहतर बनाने के लिए अपने प्लांट की 'मेजर शिफ्ट' में बदलाव किया है।

### भारत की योजना पर फिलहाल चुप्पी

उम्मीद इस बात की थी कि मस्क सोमवार को भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे। वे एक छोटे और अफोर्डेबल मॉडल के प्रोडक्शन के लिए एक ऑटो फैक्ट्री में बड़े निवेश की घोषणा करेंगे। मस्क ने पिछले साल कहा था कि टेस्ला मैक्सिको में अपना प्लांट बनाएगी, लेकिन प्लांट कब तक तैयार होगा इस बात का फैसला अर्थव्यवस्था और ब्याज दरों पर निर्भर करेगा। टेस्ला ने मेक्सिको और भारत में अपनी योजनाओं पर अभी कोई जवाब नहीं दिया।

### 6,000 कर्मचारियों की होगी छंटनी

टेस्ला ने फाइनेंशियल ईयर 2024-25 की पहली तिमाही के नतीजों का ऐलान कर दिया। जनवरी से मार्च की इस तिमाही के दौरान कंपनी का नेट प्रॉफिट 55% तक घट गया। दूसरी तरफ कंपनी ने बड़ी छंटनी का ऐलान कर दिया। कंपनी कॉस्ट कटिंग के चलते 6,000 लोगों को नौकरी से निकालने जा रही है। टेस्ला ने कहा कि वो टेक्सास और कैलिफोर्निया में 6,020 कर्मचारियों की छंटनी करेगी।

मेसर्स दैनिक नईदुनिया के लिए प्रकाशक अपूर्व तिवारी के द्वारा 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल- 462011 से प्रकाशित एवं मुद्रक डॉ. विश्वास तिवारी के द्वारा नईदुनिया प. प्रा.लि., 2, इंदिरा प्रेस काम्पलेक्स, महाराणा प्रताप नगर, भोपाल-462011 से मुद्रित। प्रबंध संपादक: डॉ. सुरेन्द्र तिवारी एवं संपादक: अपूर्व तिवारी। *
फोन-0755-2550900-01,-03, फैक्स नं.- 0755-2553914 e-mail : naidunia@gmail.com (* समाचार पत्र से संबंधित सभी प्रकार के विवादों के लिए न्याय क्षेत्र सिर्फ भोपाल होगा।) रजिस्टर्ड नं.म.प्र./296/भोपाल/2012-2014 आर.एन.आई. रजि. क्र. 47694/88, डाक पंजीयन क्र. म.प्र./भोपाल/296/2015-2017